दिन– मंगलवार	दिनांक– 09 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।	अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने बीएड डिग्री धारक प्राथमिक शिक्षकों को दी बड़ी राहत। प्रदेश के बाईस हजार शिक्षकों की नौकरी हुयी सुरक्षित।

03. चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से राज्य के मौसम में बदलाव। बादल छाये रहने और छिटपुट बारिश से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा।

04. और, चैत्र नवरात्र आज से शुरू। पहले दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ हो रही है मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चना।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल बिहार आयेंगे। श्री शाह औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। चुनाव की घोषणा के बाद उनका यह बिहार का पहला दौरा होगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह आज बिहार आने वाले थे, लेकिन उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गया और औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में होने वाले रोड–शो की तिथि में भी बदलाव हुआ है। मुख्यमंत्री श्री कुमार अब बारह अप्रैल को औरंगाबाद में और तेरह अप्रैल को गया में एनडीए समर्थित हम के जीतनराम मांझी के पक्ष में रोड–शो करेंगे। इधर, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज गया लोकसभा क्षेत्र से चाकंद हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री यादव महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन लोकसभा चुनाव मे चार सौ से अधिक सीटें जीतकर तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगा। समस्तीपुर जिले के हलई में आयोजित एनडीए की चुनावी बैठक को संबोधित करते हुए श्री राय ने

कहा कि पार्टी ने उन्हें समस्तीपुर के उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के समर्थन से इस बार भी वे रिकॉर्ड मत से जीत हासिल करेंगे।

———————————————————————

बिहार में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए पांच निर्वाचन क्षेत्रों भागलपुर, किशनगंज, बांका, कटिहार और पूर्णिया में कुल पचास उम्मीदवार मैदान में हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन पांच प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिया। पूर्णिया में सात और बांका संसदीय क्षेत्र में दस उम्मीदवार मैदान में हैं। इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में किसी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिये हैं। किशनगंज लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पंद्रह प्रत्याशियों में से तीन और कटिहार तथा भागलपुर में एक–एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है। कटिहार में नौ और भागलपुर में बारह उम्मीदवार मैदान में हैं। इन सभी पांच संसदीय क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के बखरी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक और राजद नेता रामानंद राम तथा दरभंगा जिले के बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व राजद प्रत्याशी डॉक्टर आर.के. चौधरी भाजपा में शामिल हो गये हैं। पटना स्थित भाजपा कार्यालय में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलवाई। इधर, खगड़िया जिले के अलौली विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व विधायक चंदन कुमार जदयू मे शामिल हो गए हैं। पटना मे आयोजित मिलन समारोह मे जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई।

———————————————————————

और अब पेश है–लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे वैशाली, हाजीपुर और उजियापुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

वैशाली जिले में हाजीपुर, उजियारपुर और वैशाली संसदीय क्षेत्र आते हैं। उजियारपुर में मतदान चौथे चरण में 13 मई को, हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण में 20 मई को और वैशाली में छठे चरण में 25 मई होगा। सभी संसदीय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जिला प्रशासन जुट गया है। जगह–जगह से पोस्टर–बैनर और होर्डिंग उतार दिये गये हैं। जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर

आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

---बाईट--

पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

---बाईट--

एस पी ने बताया कि इस बार सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

---बाईट--

वैशाली जिले में मेरा पहला वोट देश के लिए और लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व थीम पर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

---बाईट--

इधर, लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न दलों द्वारा भी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए हाजीपुर से मनोज कुमार सिंह।

---

लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पटना जिले के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदमारी दानापुर में स्वीप कार्यक्रम का अयोजन किया गया।

---

गया जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए दिव्यांगजनों ने समाहरणालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने उन बीएड डिग्री धारक प्राथमिक शिक्षकों को सेवा के योग्य माना है, जिनकी नियुक्ति वर्ष दो हजार तेईस से पहले हो चुकी थी, या उनकी भर्ती के विज्ञापन में बीएड डिग्री को योग्यता में शामिल माना गया था। न्यायालय ने प्राथमिक शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारकों को अयोग्य मानने के फैसले को स्पष्ट करते हुए कहा है कि फैसले से पहले भर्ती हुए प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस और न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया की पीठ ने इस मामले में एक अर्जी का निपटारा करते हुए यह आदेश दिया। इस आदेश से बिहार के लगभग बाईस हजार शिक्षकों को राहत मिलेगी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने ग्यारह अगस्त–दो हजार तेईस को एक मामले में फैसला देते हुए प्राथमिक शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीटीसी और डीएलएड को ही योग्य माना था।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने हितधारकों के अनुरोध के आधार पर नीट–यूजी दो हजार चौबीस के लिए पंजीकरण फिर से खोल दिया है। इसके तहत आज और कल भी ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं।

---

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव आया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर बादल छाये रहने और छिटपुट बारिश से अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। इस अवधि में सबसे अधिक तापमान मधुबनी में उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के सुमन ने बताया कि इसके बाद चार दिन के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाईट———

————————————————————————————

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गया है। अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालु अपने घरों में भी कलश स्थापना कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————————

इधर, आज से हिन्दू नव वर्ष की भी शुरूआत हो गयी है। प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नव वर्ष की शुरूआत होती है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को साल का पहला दिन मानकर देशभर में काल गणना की जाती है।

————————————————————————————

देश और प्रदेश में आज ईद का चाँद देखे जाने की संभावना है। पवित्र माह रमजान का आज उनतीसवां रोजा है। यदि चाँद दिखता है तो कल ईद–उल–फितर का त्योहार मनाया जाएगा। ईमारते–ए–शरिया फुलवारीशरीफ, एदारे शरिया, पटना समेत विभिन्न धार्मिक संस्थानों ने लोगों से चाँद देखने की अपील की है। ईमारते–ए–शरिया ने फोन नम्बर– **नौ – चार – तीन – एक – पांच – शून्य – सात – आठ –शून्य –शून्य** जारी कर लोगों से चाँद से सबंधित सूचना साझा करने को कहा है।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को ईद और रामनवमी के अवसर पर प्रशिक्षण से अवकाश मिलेगा। शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संज्ञान के बाद इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

———————————————————————————

प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में बस, ट्रक और अन्य वाहनों की अपेक्षा साईकिल सवारों की संख्या सबसे अधिक है। परिवहन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष–दो हजार तेईस में बस, ट्रक और लॉरी से कुल चार सौ छियासठ दुर्घटनाएं हुयी। वहीं, साईकिल से होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या छह सौ उनतीस थी। इनमें पांच सौ चौबीस लोगों की मौत हुयी।

———————————————————————————

देश में सोने और चांदी के भाव अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गये हैं। इस वर्ष सोने की कीमतों में सात हजार सात सौ रूपये तक की बढ़ोतरी हुयी है। पटना में चौबीस कैरेट सोने की कीमत इकहत्तर हजार एक सौ पचहत्तर रूपये प्रति दस ग्राम हो गयी है। वहीं, चाँदी के दाम चौरासी हजार रूपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गये हैं।

———————————————————————————

सुपौल जिले में पुलिस ने विशेष अभियान के तहत पांच सौ सत्रह किलो गांजा बरामद किया है। इस संबंध में जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से छह सौ तिहत्तर तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्क**र ने लोकसभा चुनाव प्रचार से जुड़ी खबर को शीर्ष खबर बनाया है– अखबार लिखता है– नीतीश–तेजस्वी में फिर श्रेय लेने की लड़ाई। नीतीश बोले

राजद झूठा प्रचार करता है। तेजस्वी का जवाब जब उनके साथ थे, तब कहते थे अच्छा काम कर रहा है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– सोशल मीडिया पर भड़काऊ टिप्पणी में कार्रवाई शुरू। ईओयू ने तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है– बीएड डिग्री धारक प्राथमिक शिक्षकों की नहीं जाएगी नौकरी–सुप्रीम कोर्ट।

**प्रभात खबर** पटना उच्च न्यायालय के हवाले से लिखता है– नवजात बच्चों के पालन के लिए पत्नी के मायके से मांगी रकम दहेज नहीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने बीएड डिग्री धारक प्राथमिक शिक्षकों को दी बड़ी राहत। प्रदेश के बाईस हजार शिक्षकों की नौकरी हुयी सुरक्षित।

03. चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से राज्य के मौसम में बदलाव। बादल छाये रहने और छिटपुट बारिश से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा।

04. और, चैत्र नवरात्र आज से शुरू। पहले दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ हो रही है मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।